रहनुमा | by Rajani Srivastav

श्याम तेरी कृपा का सहारा मिला
मेरे परिवार को है गुज़ारा मिला
काले बादल दुखों के हैं गिरते नहीं
मेरी नैया को उसका किनारा मिला
श्याम तेरी कृपा का................

तेरे रहते कोई बाल बांका करे
तेरे प्रेमी को डर ये रहता नहीं
मुश्किलें आने से पहले टल जाती हैं
एक कतरा भी आंसू का बहता नहीं
इस ज़माने को मैं कहती हूँ गर्व से
रहनुमा मुझको प्राणो से प्यारा मिला
श्याम तेरी कृपा का...............

तुम मिले तो कमी क्या मुझे सांवरे
एक मुर्दे को है ज़िन्दगी मिल गई
ये तो किस्मत मेरी तू मेरा हो गया
श्याम तेरी मुझे बंदगी मिल गई
तेरे दीदार से दिल तो गुलज़ार है
हर घडी सर पे साया तुम्हारा मिला
श्याम तेरी कृपा का..............

प्रेम का तार टूटे नहीं सांवरे
हाथ हाथों से छूटे नहीं सांवरे
करना इतनी दया दासी पर सांवरे
प्रीत गागर ये फूटे नहीं सांवरे
तेरा रहमो करम तेरे चोखानी को
हर कदम पे खुशी का नज़ारा मिला
श्याम तेरी कृपा का..............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be-by-ajani-srivastava/